SPECIAL - CAMP × उद्घाटन-सत्र × 05.03.2022

### बीएनएम कॉलेज बड़हिया में सात दिवसीय शिविर को एमयू वीसी ने किया संबोधित

# छात्र जीवन में समाज उपयोगी कार्यों से सेवा भावना की होती है जागृति

भास्कर न्यूज | बड़हिया

### वीसी, पूर्व वीसी,सीसीडीसी,समन्वयक व पूर्व प्राचार्य ने किया उद्घाटन

नगर परिषद स्थित बीएनएम कॉलेज बड़हिया में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा शनिवार को सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुंगेर विश्व विद्यालय के वीसी डॉ. श्यामा राय, पूर्व वीसी डॉ. कुमारेश प्रसाद सिंह, सीसीडीसी अजय कुमार, विश्व विद्यालय समन्वयक डॉ. राहुल कुमार व कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आशुतोष कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आशुतोष कुमार व संचालन डॉ. प्रमोद कुमार ने की।

मौके पर उपस्थित स्वयं सेविकों एनसीसी कैडर को विश्वविद्यालय के वीसी डॉ. श्यामा राय ने संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना हमें लोगों के साथ उच्च विचार का संदेश देता है। हम इससे लोगों के प्रति अपनी संवेदना और सहानभूति प्रकट करना शिखलाती है। हमें अपनी कार्य में हमेशा सहानभूति बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना में भाग लेने वाले बच्चों में विद्यार्थी जीवन से ही समाज उपयोगी कार्यों में लीन रहने से उनमें राष्ट्र सेवा की भावना जागृत होती है।

कार्यक्रम में उपस्थित एनसीसी कैडर।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

इस अवसर पर पूर्व वीसी डॉ कुमारेश प्रसाद सिंह, सीसीडीसी अजय कुमार विश्व विद्यालय समन्वयक डॉ. राहुल कुमार व एनएसएस प्रभारी डॉ. रितु राज, डॉ. संजय भारती, डॉ. दिवाकर प्रसाद सिंह, डॉ. नवल किशोर सिंह, डॉ. चन्द्र भूषण प्रसाद सिंह आदि ने भी संबोधित किया। इसके पूर्व कॉलेज परिवार के द्वारा आगन्तुकों अतिथियों को फूल मामला व अंग वस्त्र व मोमेंटो देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में संगीत विशेषज्ञ सत्येन्द्र संगीत ने स्वागत गीत से अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में संगीत विशेषज्ञ सत्येन्द्र संगीत के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किया।

## 11 मार्च को शिविर का समापन

सात दिवसीय शिविर का समापन 11 मार्च को होगी। तिथिवार स्वच्छता अभियान, सड़क सुरक्षा नियमों का पालन, स्वास्थ्य संबंधी चर्चा, पर्यावरण व जल संरक्षण के अलावा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ एवं नारी सशक्तिकरण पर चर्चा होगी। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आशुतोष कुमार ने अपने लिखित पुस्तक वर्ण एवं राज्य का विमोचन किया। इस मौके पर डॉ. अंजनी कुमार, मुरलीधर प्रसाद सिंह, डॉ. अभिमन्यु, अमित कुमार, चुनचुन कुमार, अमित कुमार, विष्णु कुमार, मनोरंजन कुमार, चंदन कुमार, अविनाश कुमार पांडेय, रूपेश कुमार, मनीष कुमार, शारदा कुमारी, पम्मी कुमारी सहित कॉलेज कर्मी मौजूद थे।

SPECIAL CAMP × SECOND DAY 06.03.2022

# "राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के दूसरे दिन चला नशा मुक्ति अभियान"

बी0 एन0 एम0 कॉलेज, बड़हिया में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का दूसरा दिन "नशा मुक्ति अभियान" के नाम रहा। इस अवसर पर कॉलेज के छात्र–छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली। कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 आशुतोष कुमार ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ0 ऋतुराज दूबे के नेतृत्व में एन0 एस0 एस0 स्वयंसेवकों का दल कॉलेज परिसर से निकलकर नगर के विभिन्न वार्डों से होते हुए नगर के सबसे बड़े सार्वजनिक स्थलों में से एक रेलवे स्टेशन बड़हिया पहुँचा। विभिन्न प्रकार की नशीली चीजों जैसे शराब, तम्बाकू, सिगरेट, गांजा एवं अन्य मादक पदार्थों आदि के सेवन से होने वाले नुकसान को नारों के माध्यम से जागरूक जनता के बीच प्रचारित एवं प्रसारित किया गया। इस अवसर पर सुनील, सोनेलाल, सुमित, पंकज, धर्मवीर, प्रियंका, चाँदनी, कोमल, निशाए लवली आदि छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। महाविद्यालय के अन्य शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मियों ने इसमें अपना भरपूर सहयोग दिया।

# दूसरे दिन चलाया गया नशा मुक्ति अभियान

बड़हिया | एक संवाददाता

नगर स्थित बीएनएम कॉलेज बड़हिया में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का दूसरा दिन नशा मुक्ति अभियान के नाम रहा।

इस अवसर पर रविवार को कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली। जिसे कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ आशुतोष कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ ऋतुराज दूबे के नेतृत्व में एनएसएस स्वयंसेवकों का दल कॉलेज परिसर से निकलकर नगर के विभिन्न वार्डों से होते हुए सार्वजनिक स्थलों में शामिल बड़हिया रेलवे स्टेशन पहुँचा। इस दौरान विभिन्न प्रकार की नशीली चीजों जैसे शराब, तम्बाकू, सिगरेट, गांजा एवं अन्य मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले नुकसान को नारों के माध्यम से जनता के बीच प्रचारित एवं प्रसारित किया गया। सुनील, सोनेलाल, सुमित, पंकज, धर्मवीर, प्रियंका, चाँदनी, कोमल, निशा, लवली समेत अन्य छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के बीच कॉलेज के शिक्षक थे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना नशा मुक्ति अभियान के तहत निकाली गयी मद्य निषेध जागरूकता रैली

**बड़हिया.** नगर क्षेत्र स्थित बीएनएम कॉलेज में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे 'नशा मुक्ति अभियान' के तहत छात्र-छात्राओं ने मद्य निषेध और नशा मुक्ति जागरूकता रैली का निकाली गयी. कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ. आशुतोष कुमार ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया. राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. ऋतुराज दुबे के नेतृत्व में एनएसएस स्वयंसेवकों का दल कॉलेज परिसर से निकलकर नगर के विभिन्न वार्डों से होते हुए नगर के सबसे बड़े सार्वजनिक स्थलों होते हुए रेलवे स्टेशन बड़हिया पहुंचा. विभिन्न प्रकार की नशीली चीजों जैसे शराब, तंबाकू, सिगरेट, गांजा व अन्य मादक पदार्थों आदि के सेवन से होने वाले नुकसान को नारों के माध्यम से जागरूक जनता के बीच प्रचारित व प्रसारित किया गया. मौके पर सुनील, सोनेलाल, सुमित, पंकज, धर्मवीर, प्रियंका, चांदनी, कोमल, निशा, लवली आदि छात्र-छात्राओं ने भाग लिया. महाविद्यालय के अन्य शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मियों ने इसमें अपना भरपूर सहयोग दिया.

08.03.2022

# International Women's Day

महाविद्यालय की N.S.S. यूनिट द्वारा आज दिनांक 08.03.2022 को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. आशुतोष कुमार ने किया। महाविद्यालय के सभी शिक्षक व संविदाकर्मी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए महाविद्यालय के वरीय शिक्षक डॉ. अमन्दी कुमार ने कहा कि आजादी के दशकों बाद भी महिलाओं की स्थिति घर और घर से बाहर चुनौतीपूर्ण बनी हुयी है। आज भी आजादी का वास्तविक अर्थ महिलाओं के लिए सार्थक नहीं बन पाया है। डॉ. मुरलीधर प्रसाद सिंह ने कहा कि महिला परिवार की धुरी होती है, परन्तु उनका निर्णय हमेशा अनसुना कर दिया जाता है। डॉ. अभिमन्यु कुमार ने पाश्चात्य जगत की समृद्धि में महिलाओं की भूमिका को विस्तार से चर्चा की। अन्त में हिन्दी विभाग के सहायक आचार्य प्रो. प्रमोद यादव ने कहा कि महिलाएँ जिस दिन अपने श्रम का हिसाब मांगेंगी, उस दिन मानव-जाति की सबसे बड़ी चोरी पकड़ी जायेगी।

कार्यक्रम में निम्नलिखित स्वयंसेवी/स्वयंसेविकाओं की सहभागिता रही:—

Teacher's Signature

1. Muskan kumari
2. boby kumari
3. nidhi kumari
4. suruchi kumari
5. chhoti kumari
6. Juhi kumari
7. Rustam
8. Rishabh
9. Nidhi Kumari
10. Pawan Kumar
11. [illegible]
12. [illegible]
13. [illegible]
14. [illegible]
15. [illegible]
16. [illegible]
17. [illegible]
18. [illegible]
19. Suruchi kumari
20.
21.
22.

P.O., N.S.S.
B.N.M. College, Barhiya

Principal
B.N.M. College, Barhiya

SPECIAL CAMP × 4th Day × 08.03.2022

# "अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर चला बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं अभियान"

राष्ट्रीय सेवा योजना बी0 एन0 एम0 कॉलेज, बड़हिया के अंतर्गत चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन "अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर चला बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं अभियान"। इस अवसर पर एक जागरूकता रैली निकाली गयी। जागरूकता रैली को कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 आशुतोष कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ0 ऋतुराज दूबे के नेतृत्व में एन0 एस0 एस0 स्वयंसेवकों के दल कॉलेज परिसर से निकलकर नगर के महारानी मंदिर से होते हुए कॉलेज परिसर आकर समाप्त हुआ। महिला उत्थान, बेटा–बेटी एक समान, बेटी नहीं है भार आदि नारों के माध्यम से जनता को जागरूक किया गया। इस अवसर पर सुनील, सोनेलाल, सुमित, पंकज, धर्मवीर, प्रियंका, चाँदनी, कोमल, निशा, लवली आदि छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। महाविद्यालय के अन्य शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मियों ने इसमें भरपूर सहयोग रहा।

# राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के तीसरे दिन चला दहेज प्रथा उन्मूलन अभियान

**बड़हिया.** नगर क्षेत्र स्थित बीएनएम कॉलेज में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन छात्र-छात्राओं ने दहेज प्रथा उन्मूलन अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गयी. जागरूकता रैली एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ ऋतुराज दुबे के नेतृत्व में कॉलेज परिसर से निकलकर बड़हिया श्रीकृष्ण चौक, लोहिया चौक, रेफरल अस्पताल, बड़हिया से होते हुए किसान भवन, बाइपास मोड़, स्टेट बैंक से बाजार के रास्ते पुनः श्रीकृष्ण चौक होते हुए कॉलेज परिसर पहुंचकर समाप्त हुआ. जागरूकता रैली को कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ आशुतोष कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. रैली में भ्रूण हत्या, दहेज के लिए जलती नारी, ससुराल में दहेज के लिए शोषित, प्रताड़ित होती महिलाएं आदि से संबंधित नारों के माध्यम से जनता को जागरूक किया गया. इस अवसर पर सुनील सोनेलाल, सुमित, पंकज, धर्मवीर, प्रियंका, चांदनी, कोमल, निशा, लवली आदि छात्र-छात्राओं ने भाग लिया. महाविद्यालय के अन्य शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मियों ने इसमें भरपूर सहयोग रहा.

# तीसरे दिन दहेज उन्मूलन पर बल

बड़हिया। नगर स्थित बीएनएम कॉलेज में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का तीसरा दिन दहेज प्रथा उन्मूलन अभियान के नाम रहा। जिसको लेकर सोमवार को जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ ऋतुराज दूबे के नेतृत्व में निकला एनएसएस स्वयंसेवकों का दल कॉलेज परिसर से निकलकर नगर के विभिन्न प्रमुख स्थलों में शामिल रेफरल अस्पताल, किसान भवन, बाईपास मोड़, स्टेट बैंक से बड़हिया बाजार और श्रीकृष्ण चौक होते हुए वापस कॉलेज परिसर पहुंचा। इससे पूर्व जागरूकता रैली को कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ आशुतोष कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाहरणालय परिसर में धूमधाम से हुआ कार्यक्रम

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर डीएम ने किया रवाना

- नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का हुआ आयोजन
- कन्या जन्मोत्सव समारोह आहूत

प्रतिनिधि, लखीसराय

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मंगलवार को समाहरणालय परिसर में धूमधाम से कई प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों के बीच बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम को बढ़ावा दिये जाने का आह्वान किया गया. मौके पर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की ओर से आईसीडीएस के तत्वावधान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर जिले में जागरूकता फैलाने के लिए रवाना किया गया. इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आईसीडीएस के तत्वावधान में नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया. मौके पर समाहरणालय परिसर के सामने दहेज प्रथा रोकने, भ्रूण हत्या को रोकने एवं लोगों सशक्तिकरण आदि कार्यक्रमों को बढ़ावा दिये जाने को लेकर [illegible] से दो कला जत्था दल को जिले में प्रचार-प्रसार के लिए प्रस्थान किया गया. इसके पूर्व दोनों कला जत्था के कलाकारों की ओर से बेहद मार्मिक तरीके से महिला सशक्तिकरण पर कई प्रकार के नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किये गये एवं लोगों का मन मोह लिया गया. मौके पर समाहरणालय के मंत्रणा सभागार में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया.

केक काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते डीएम संजय सिंह व अन्य.

नुक्कड़ नाटक के दौरान कलाकार

## महिला दिवस पर चला बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान

जागरूकता रैली में शामिल छात्र-छात्राएं.

**बड़हिया.** नगर क्षेत्र स्थित बीएनएम कॉलेज में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को लेकर जागरूकता रैली निकाली गयी. जागरूकता रैली को कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ आशुतोष कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ ऋतुराज दुबे के नेतृत्व में एनएसएस स्वयंसेवकों के दल कॉलेज परिसर से निकलकर नगर के महारानी मंदिर से होते हुए कॉलेज परिसर आकर समाप्त हुआ. महिला उत्थान, बेटा-बेटी एक समान, बेटी नहीं है भार आदि नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया. मौके पर सुनील, सोनेलाल, सुमित, पंकज, धर्मवीर, प्रियंका, चांदनी, कोमल, निशा, लवली आदि छात्र-छात्राओं ने भाग लिया. महाविद्यालय के अन्य शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मियों ने इसमें भरपूर सहयोग रहा.

## शिविर लगाकर सुकन्या समृद्धि अंतर्गत बच्चियों का खोला गया खाता

**लखीसराय.** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सहायक डाक अधीक्षक उमाशंकर कुमार के द्वारा जिले के मोहनपुर पंचायत के नवनिर्वाचित मुखिया अंजनी देवी को बुके प्रदान कर बधाई दी. इस अवसर पर बालिकाओं के उज्जवल एवं सुरक्षित भविष्य के लिए सुकन्या समृद्धि खाता खोलने के लिए एक शिविर भी लगाया गया, जिसमें 50 बच्चियों का सुकन्या समृद्धि का खाता खोला गया. वहीं मुखिया ने आश्वासन दिया कि जल्द ही मोहनपुर ग्राम पंचायत के सभी बच्चियों का सुकन्या समृद्धि योजना का खाता खुलवा कर इस पंचायत को सुकन्या ग्राम पंचायत घोषित करवाया जायेगा.

## सनातन धर्मावलंबी मर्यादा पुरुषोत्तम राम को मानें आदर्श

**लखीसराय.** विश्व महिला दिवस के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी की बहनों के द्वारा विभाग बैठक कवैया थाना विकास नर्सिंग होम लखीसराय में किया गया. मुंगेर विभाग बैठक की अध्यक्षता अरुणा दीदी विभाग प्रमुख मातृशक्ति द्वारा किया गया. इस विभाग बैठक में मुंगेर लखीसराय जमुई जिले के मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी के पदाधिकारीगण उपस्थित हुए. जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय दुर्गा वाहिनी संयोजिका प्रज्ञा माला व प्रांत प्रमुख मातृशक्ति डॉ शोभा रानी सिंह के साथ ही प्रांत संगठन मंत्री चितरंजन जी, मुंगेर विभाग मंत्री संजय कुमार, मुंगेर जिला मंत्री प्राणनाथ ठाकुर, लखीसराय जिला के बजरंग दल संयोजक बंटी कुमार, जिला मंत्री सह मंत्री शंभु सिन्हा, गोरक्षा प्रमुख नवीन पाठक, विधि प्रकोष्ठ उपेंद्र सिंह, जिला सत्संग प्रमुख सुनील रावत, साहिल सत्यम, दिनेश केवट, विभीषण केवट, सभी लोगों द्वारा संबोधित किया गया. दुर्गा वाहिनी के राष्ट्रीय संयोजिका प्रज्ञा माला बताया कि दूसरे की बहन बेटियों का मां बहन के समान्य है, हिंदू सनातन धर्म एक विवाह के प्रथा है. वैदिक रीति से संस्कार पूर्ण जीवन चलाते है. मर्यादा पुरुषोत्तम राम के आदर्शों का मानना चाहिए. मौके पर सुमन कुमारी, भारती देवी, सोनी देवी, खुशबू कुमारी, गुंजन कुमारी, मीता देवी, बेबी देवी, चुनचुन कुमारी, भारती पोद्दार, अंजू कुमारी, गौरभा सिन्हा, माधुरी देवी, गुड्डी देवी, सृष्टि सिंह, सिया वर्मा, नेहा कुमारी, कल्पना कुमारी, रानी कुमारी, मौसम कुमारी अन्य दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति कार्यकर्ता उपस्थित हुए.

# स्वर्ग कहीं है धरती पर, तो वह नारी उर के भीतर ..

## महिला महाविद्यालय बड़हिया में सैनेटरी वेंडिंग मशीन हुआ चालू